**दिनांक 16.06.2025 को उप निदेशक प्रशिक्षण, बि.कृ.वि.,सबौर-सह-नियंत्री पदाधिकारी की अध्यक्षता में आहूत कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर के वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 24वीं बैठक की कार्यवाही**

उपस्थिति :- अलग से संधारित।

बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के सक्षम प्राधिकार के अनुमोदनोपरान्त, प्रसार शिक्षा निदेशालय, बि.कृ.वि. सबौर के पत्रांक 109 दिनांक 19.04.2025 के आलोक में कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर के वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 24वीं बैठक, उप निदेशक प्रशिक्षण, बि.कृ.वि.,सबौर-सह-नियंत्री पदाधिकारी की अध्यक्षता एवं सह निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर की उपस्थिति में दिनांक 16.06.2025 को आहूत की गयी। सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया। बैठक के प्रारम्भ में अध्यक्ष महोदय द्वारा 24वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक के एजेन्डा पर प्रकाश डाला गया और बताया गया कि इस बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर द्वारा वर्ष 2024-25 में किये गये कार्यो का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में किये जाने वाले कार्यो की कार्य योजना पर माननीय सदस्यगण का विचार एवं सुझाव प्राप्त किया जाना है। कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर के 23वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति में लिये गये निर्णय एवं उक्त बैठक में माननीय सदस्यगण द्वारा प्रदान की गयी अनुशंसा का फलाफल माननीय सदस्यगण के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

24वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का प्रारम्भ कृषि विज्ञान केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा 23वीं बैठक में लिये गये निर्णय की प्रगति प्रस्तुत की गयी, जिसे सदन के द्वारा सम्पुष्ट किया गया। इसी क्रम में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान के द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन (2024-25) सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसपर वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया। कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा कृषि के विकास हेतु वर्ष 2025-26 में किसानों का प्रशिक्षण, उनके खेतों में कृषि संबंधी समस्याओं के निवारण हेतु लगाये जाने वाले परीक्षण, उन्नत तकनीकों के त्वरित हस्तानान्तरण हेतु आयोजित किये जाने वाले प्रत्यक्षण (सभी प्रकार के), बीज/पौध सामग्री उत्पादन, प्रथम पंक्ति प्रसार गतिविधियों आदि की कार्ययोजना वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा प्रस्तुत की गयी। कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा विकसित वार्षिक कार्य योजना 2025-26 पर वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्यों ने अपना विचार/सुझाव प्रस्तुत किया गया। वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक के दौरान कृषि एवं संबंद्ध विभाग के नामित पदाधिकारियों ने राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु किसानों को जागरूक किया और सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों का लाभ लेने का आवाहन किया। कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर के वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 24वीं बैठक में केन्द्र के प्रगति प्रतिवेदनः 2024-25 और वार्षिक कार्ययोजना 2025-26 पर सभी सदस्यगण ने गहन चर्चा की चर्चा के उपरान्त वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में निम्नलिखित सुझाव देकर आवश्यक निर्णय लिया गया-

1. सदन के द्वारा सुझाव दिया गया कि वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न होने के बाद महत्वपूर्ण सुझाव एवं कार्यवाही की प्रति को कृषि विज्ञान केन्द्र के पत्रांक/दिनांक के द्वारा अगली बैठक के 15 दिन पहले सभी सदस्यों को भेजा जाय।

   *(अनुपालनः- वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के.,मुंगेर)*

2. अध्यक्ष महोदय द्वारा बताया गया की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में नामित पुराने कृषकों (जिनकी सदस्यता दो वर्ष पूर्ण हो गयी है) की जगह नये किसानों की सूची विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकार के अनुमोदन हेतु यथासमय भेजी जाय।

   *(अनुपालनः- वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के.,मुंगेर)*

3. कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर के मशरूम प्रयोगशाला में मशरूम बीज (स्पॉन) उत्पादन हेतु नया BOD मशीन खरीदने हेतु प्रस्ताव नियंत्री पदाधिकारी, बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर को भेजा जाय।

28.07.2025

**Senior Scientist and Head**
**Krishi Vigyan Kendra, Munger**

[अनुपालनः- विषय वस्तु विशेषज्ञ (गृह विज्ञान)/ वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के.,मुंगेर]

4. वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में सुझाव दिया गया कि जलवायु अनुकुल कृषि कार्यक्रम अर्न्तगत चिन्हित गाँवों में 40 प्रतिशत तक उद्यानिक फसलों एवं मोटे अनाज को प्रत्यक्षण में शामिल करने हेतु रणनीति बनाने की कारवाई की जाय।

[अनुपालनः- विषय वस्तु विशेषज्ञ (संबंधित)/ वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के.,मुंगेर]

5. कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर द्वारा मोटे अनाज के उत्पादन सहित रख-रखाव, मूल्य सम्वर्द्धन हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाए।

[अनुपालनः- विषय वस्तु विशेषज्ञ (संबंधित)/ वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के.,मुंगेर]

6. सीड-हब योजना के कार्यक्रम को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जाय।

(अनुपालनः- नोडल वैज्ञानिक, सीड-हब/ वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के.,मुंगेर)

7. विकसित कृषि संकल्प अभियान (29 मई से 12 जून, 2025 तक) के क्रम में किसानों से प्राप्त फीडबैक को लिपिबद्ध करके उसे कृषि विज्ञान केन्द्र की कार्य योजना में शामिल किया जाय।

[अनुपालनः- विषय वस्तु विशेषज्ञ (संबंधित)/ वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के.,मुंगेर]

8. कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर के समेकित कृषि प्रणाली के मॉडल के अधूरे कार्यों को पूर्ण करने के लिये निदेशक, कार्य एवं संयंत्र, बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर को पत्र भेजा जाय एवं नियंत्री पदाधिकारी को भी सूचित किया जाय।

(अनुपालनः- वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के.,मुंगेर)

9. कृषि विज्ञान केन्द्र मुंगेर में चल रही केंचुआ खाद उत्पादन इकाई को व्यवसायिक स्तर प्रदान करने के पूर्व लाइसेन्स लेना सुनिश्चित किया जाय।

(अनुपालनः- वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के.,मुंगेर)

10. कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर द्वारा तकनीकी सहायता प्रदान किये जा रहे एफ0पी0ओ0 द्वारा उत्पाद के विक्रय हेतु किसानों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाय।

[अनुपालनः- विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि प्रसार)/ वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के.,मुंगेर]

11. कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर द्वारा पशुओं से संबंधित टीकाकरण का प्रत्यक्षण जिले के कुशल पशु चिकित्सा पदाधिकारी के सहयोग से आयोजित करने हेतु रणनीति बनायी जाय।

[अनुपालनः- विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि प्रसार)/ वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के.,मुंगेर]

12. कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर के प्रक्षेत्र में अरहर के उकठा रोग एवं दीमक के प्रबंधन हेतु केन्द्र के प्रक्षेत्र पर परीक्षण किया जाय।

[अनुपालनः- विषय वस्तु विशेषज्ञ (सस्य)/ वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के.,मुंगेर]

13. जीविका दीदी के माध्यम से प्राकृतिक खेती को विस्तारित करने हेतु प्रशिक्षण कैलेन्डर बनाकर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को समर्पित किया जाय।

(अनुपालनः- वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के.,मुंगेर)

14. कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर द्वारा DAESI प्रशिक्षण कार्यक्रम के नये बैच के प्रशिक्षणार्थियों का रजिस्ट्रेशन यथाशीघ्र प्रारंभ किया जाय।

[अनुपालनः- विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि प्रसार)/ वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के.,मुंगेर]

15. कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर में महिला किसानों के कौशल उन्न्यन हेतु विभिन्न व्यवसायिक प्रशिक्षण/ प्रत्यक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाय।

(अनुपालनः- विषय वस्तु विशेषज्ञ, गृह विज्ञान, कृ.वि.के.,मुंगेर)

28.07.2025
Senior Scientist and Head
Krishi Vigyan Kendra, Munger

16. किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिले के संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित किया जाय।

*[अनुपालनः- विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी)/ वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के.,मुंगेर]*

17. कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर द्वारा किसानों की उत्पादन लागत कम करने के लिए प्रत्यक्षण, किसानों के प्रक्षेत्र पर परीक्षण एवं प्रशिक्षणों के माध्यम से उन्नत प्रभेदों, तकनीकीयों,फसलों के चयन द्वारा किया जाय।

*[अनुपालनः- विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी)/ वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के.,मुंगेर]*

अन्त में, धन्यवाद ज्ञापन के साथ वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई।

28.07.2025
वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृ.वि.के.,मुंगेर

ज्ञापांकः 170

दिनांक : 28.07.2025

Senior Scientist and Head
Krishi Vigyan Kendra, Munger

प्रतिलिपिः

- वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सभी सदस्यो को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर के सभी कर्मियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
- उप निदेशक प्रशिक्षण/सह निदेशक प्रसार शिक्षा/निदेशक प्रसार शिक्षा, बि.कृ.वि., सबौर, भागलपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
- निदेशक, भा.कृ.अनु.परि.-अटारी, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

28.07.2025
वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृ.वि.के.,मुंगेर

Senior Scientist and Head
Krishi Vigyan Kendra, Munger